# आवास और नवीकरणीय ऊर्जा में होगा सर्वाधिक निवेश

## कृषि व पशुपालन जैसे विभागों का प्रदर्शन दिखा कमजोर

**जीबीसी 4.0**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआइएस) में हुए निवेश करारों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0) के माध्यम से मूर्त रूप देने की कवायद अब तक अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 19 फरवरी को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये 10.11 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी है। फिलहाल विभागीय स्तर पर क्षेत्रवार सहेजे गए आंकड़े बता रहे हैं कि सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव आवास और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से मूर्त रूप लेने वाले हैं।

मैन्युफैक्चरिंग, आइटी एवं आइटी आधारित सेवाएं, लाजिस्टिक्स, इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण क्षेत्र से भी बड़ा निवेश धरातल पर उतरता दिखाई देगा। वहीं, कृषि व पशुपालन जैसे विभागों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर आंका गया है। मुख्यमंत्री के स्तर से मंगलवार की गई समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों ने ये आंकड़े साझा किए हैं।

### क्षेत्रवार निवेश की कुछ ऐसी दिख रही स्थिति

| सेक्टर | निवेश के अनुसार प्रतिशत | सेक्टर | निवेश के अनुसार प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| आवास | 18.76 | टेक्सटाइल एवं हथकरघा | 1.24 |
| नवीकरणीय ऊर्जा | 15.61 | काष्ठ आधारित उद्योग | 1.06 |
| मैन्युफैक्चरिंग | 12.09 | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | 1.05 |
| आइटी, आइटी आधारित सेवाएं | 9.67 | डेरी | 1.01 |
| लाजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग | 7.59 | डिस्टिलरीज | 0.81 |
| ऊर्जा | 7.27 | डिफेंस एवं एयरोस्पेस | 0.53 |
| खाद्य प्रसंस्करण | 5.83 | फार्मा एवं चिकित्सा उपकरण | 0.43 |
| इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग | 5.12 | कृषि | 0.36 |
| शिक्षा | 2.88 | आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन | 0.32 |
| आतिथ्य एवं मनोरंजन | 2.70 | पशुपालन | 0.24 |
| स्वास्थ्य सेवाएं | 2.65 | वित्तीय सेवाएं | 0.11 |
| जैव ईंधन-बायोमास | 2.62 | अवस्थापना | 0.02 |



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की इन दिनों जोर-शोर से तैयारी चल रही है • जागरण

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जुटेंगी दिग्गज हस्तियां

**राब्यू, लखनऊ :** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तरह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भी देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह उपस्थिति दर्ज कराएंगे। समारोह में प्रतिष्ठित उद्योगपति, फार्च्यून ग्लोबल-इंडिया 500 से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेश भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने जीबीसी में भाग लेने के लिए विशेष तौर पर के रिलायंस, टाटा, बिड़ला, अडाणी समूह समेत सभी शीर्ष औद्योगिक घरानों के प्रमुखों को नियंत्रण भेजा है। हालांकि रिलायंस समूह की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि मुकेश अंबानी व्यक्तिगत कारणों से उपस्थित नहीं हो सकेंगे। वहीं, अदाणी समूह की ओर से गौतम अदाणी की जगह उनके पुत्र करण अदाणी समारोह का हिस्सा बनेंगे। अशोका लीलैंड समूह के धीरज हिंदुजा भी जीबीसी में भाग लेंगे। टाटा सस के एन चंद्रशेखरन, विप्रो के अजीम प्रेमजी, बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और महिंद्रा ग्रुप के आनंद महिंद्रा, वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल सहित अन्य शीर्ष उद्योगपतियों को भी पत्र भेजा गया है।